भारत सरकार
आयुष मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1360
09 फरवरी, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

ओडिशा में आयुर्वेदिक चिकित्सक

1360. श्री महेश साहू:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) ओडिशा में आयुर्वेदिक चिकित्सकों के स्वीकृत पदों का जिला-वार ब्यौरा क्या है;
(ख) ओडिशा में आयुर्वेदिक चिकित्सकों की वर्तमान संख्या कितनी है;
(ग) क्या यह सच है कि देश में आयुर्वेदिक उपचार की मांग बढ़ गई है;
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सरकार द्वारा हाल ही में इस संबंध में क्या प्रयास किए गए हैं; और
(ङ) एलोपैथिक उपचार पर भरोसा करने वाले और इसे प्राथमिकता देने वाले लोगों में आयुर्वेदिक चिकित्सा के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जाने का विचार है?

<u>उत्तर</u>
आयुष मंत्री (श्री सर्बानंद सोणोवाल)

(क): ओडिशा राज्य सरकार द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, ओडिशा में आयुर्वेदिक चिकित्सकों के स्वीकृत पदों का जिला-वार ब्यौर **संलग्नक** पर दिया गया है।

(ख): ओडिशा राज्य सरकार द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, ओडिशा में आयुर्वेदिक चिकित्सकों की वर्तमान संख्या 527 है।

(ग): जी हां।

(घ) और (ङ): आयुष मंत्रालय आम रोगों के उपचार के लिए आयुष चिकित्सा पद्धति की क्षमता के बारे में लोगों में जागरूकता पैदा करने के लिए आयुर्वेद सहित आयुष पद्धति के विकास और संवर्धन हेतु राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों के माध्यम से वर्ष 2014-15 से राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) की केन्द्रीय प्रायोजित योजना कार्यान्वित कर रहा है। एनएएम योजना के कार्यान्वयन के पश्चात, राज्य/संघ राज्य क्षेत्र में आयुर्वेद सहित आयुष चिकित्सा पद्धति के विकास की उपलब्धि के पैमाने में महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है। तदनुसार, एनएएम योजना की विभिन्न गतिविधियों के लिए एनएएम का बजट आवंटन 75.28 करोड़ रुपये (2014-15 में) से क्रमशः बढ़ाकर 1200.00 करोड़ रुपये (2023-24 में) कर दिया गया। मिशन अन्य बातों के साथ-साथ निम्नलिखित गतिविधियों के लिए प्रावधान करता है-

i. आयुष स्वास्थ्य एवं वेलनेस केंद्र
ii. प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी), सामुदायिक स्वास्थ्य केंदों (सीएचसी) और जिला अस्पतालों (डीएच) में आयुष सुविधाओं की सह-स्थापना
iii. मौजूदा एकल सरकारी आयुष अस्पतालों का उन्नयन

iv. मौजूदा सरकारी/पंचायत/सरकारी सहायता प्राप्त आयुष औषधालयों का उन्नयन/मौजूदा आयुष औषधालय (किराए पर/जीर्ण-शीर्ण आवास पर) के लिए भवन का निर्माण/उन क्षेत्रों में नए आयुष औषधालय की स्थापना के लिए भवन का निर्माण, जहां कोई आयुष सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं
v. 50/30/10 बिस्तरों तक के एकीकृत आयुष अस्पतालों की स्थापना
vi. राजकीय आयुष अस्पतालों, राजकीय औषधालयों और सरकारी/सरकारी सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थागत आयुष अस्पतालों को जरूरी दवाइयों की आपूर्ति
vii. आयुष जन स्वास्थ्य कार्यक्रम
viii. व्यवहार परिवर्तन संप्रेषण(बीसीसी)
ix. राज्य और जिला स्तर पर गतिशीलता सहायता
x. आयुष ग्राम
xi. उन राज्यों में नए आयुष महाविद्यालयों की स्थापना जहां सरकारी क्षेत्र में आयुष शिक्षण संस्थानों की उपलब्धता अपर्याप्त है
xii. आयुष स्नातक-पूर्व संस्थानों और आयुष स्नातकोत्तर संस्थानों का अवसंरचनात्मक विकास/ पीजी/फार्मेसी/पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों को शामिल करना।

इसके अलावा, आयुष मंत्रालय आयुष चिकित्सा पद्धतियों के संबंध में जागरूकता पैदा करने के लिए आयुष में सूचना, शिक्षा एवं संचार (आईईसी) के संवर्धन हेतु केन्द्रीय क्षेत्र की योजना भी कार्यान्वित करता है। इस योजना का उद्देश्य देश भर में जनसंख्या के सभी वर्गों तक पहुंचना है और इस योजना के तहत, मंत्रालय राष्ट्रीय/राज्य स्तरीय आरोग्य मेलों, योग फेस्ट/उत्सवों, आयुर्वेद पर्वों का आयोजन करता है, आयुर्वेद दिवस सहित आयुष पद्धतियों के महत्वपूर्ण दिवसों का आयोजन करता है, स्वास्थ्य फेयर/मेलों और प्रदर्शनियों में भाग लेता है, सेमिनारों, कार्यशालाओं, सम्मेलनों के आयोजन के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करता है और मल्टीमीडिया अभियान इत्यादि आयोजित करता है।

*****

संलग्नक

ओडिशा में आयुर्वेदिक चिकित्सकों के स्वीकृत पदों का जिला-वार ब्यौरा:

क्र.सं.	**जिला**	**आयुर्वेदिक डॉक्टरों के स्वीकृत पद**
1	अंगुल	16
2	बालासोर	28
3	बैरागढ़	29
4	भद्रक	21
5	बोलंगीर	47
6	बौध	10
7	कटक	24
8	देवगढ़	8
9	ढेंकनाल	24
10	गजपति	7
11	गंजम	55
12	जगतसिंहपुर	11
13	जाजपुर	25
14	झारसुगुडा	9
15	कालाहांडी	22
16	कंधमाल	17
17	केंद्रपाड़ा	15
18	क्योंझर	51
19	खोर्दा	30
20	कोरापुट	19
21	मल्कानगिरी	7
22	मयूरभंज	46
23	नबरंगपुर	22
24	नयागढ़	15
25	नौपाड़ा	10
26	पुरी	31
27	रायगढ़	23
28	संबलपुर	18
29	सुबरनपुर	14
30	सुंदरगढ़	36
कुल		**690**